प्रो० सैफुद्दीन सोज
PROF. SAIFUDDIN SOZ



जल संसाधन मंत्री
भारत
श्रम शक्ति भवन
रफी अहमद किदवई मार्ग
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF WATER RESOURCES
INDIA
SHRAM SHAKTI BHAWAN
RAFI AHMED KIDWAI MARG
NEW DELHI-110001

**सन्देश**

- 7 सितम्बर SEP 2007

मुझे यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि पिछले 13 वर्षों से चली आ रही अपनी गौरवमयी परम्परा को कायम रखते हुए राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की अपनी गृह पत्रिका ``प्रवाहिनी`` के 14वें अंक का प्रकाशन करने जा रहा है । इस हिन्दी पत्रिका में वैज्ञानिक, तकनीकी एवं साहित्यिक लेखों एवं कविताओं का समावेश निश्चय ही संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की राजभाषा हिन्दी के प्रति गहन रूचि को दर्शाता है । यह राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार तथा सरकारी काम-काज में हिन्दी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली माध्यम है ।

मैं इस शुभ अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रिका के प्रकाशन एवं सम्पादन मण्डल को हार्दिक बधाई देता हूँ और पत्रिका के 14वें अंक की सफलता की कामना करता हूँ ।

(सैफुद्दीन सोज़)

जल वर्ष 2007 Water Year 2007

स्वच्छ सुरक्षित जल – सुन्दर खुशहाल कल

CONSERVE WATER - SAVE LIFE

Tel. No. : 23714200, 23714663 (O), 23012786 (R), Fax : 23710804, e-mail : ssaif@sansad.nic.in

जय प्रकाश नारायण यादव
**JAI PRAKASH NARAYAN YADAV**

जल संसाधन राज्य मंत्री
भारत सरकार
श्रम शक्ति भवन
नई दिल्ली-110001
**MINISTER OF STATE FOR WATER RESOURCES**
**GOVERNMENT OF INDIA**
**SHRAM SHAKTI BHAWAN**
**NEW DELHI-110001**



# संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की विगत वर्षो की भांति वर्ष 2006–07 में भी अपनी गृह पत्रिका "प्रवाहिनी" के 14 वें अंक का प्रकाशन कर रहा है। वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों को राजभाषा हिन्दी के माध्यम से जन–साधारण तक पहुंचाने का यह प्रयास वास्तव में प्रसंशनीय एवं अनुकरणीय है।

मुझे आशा है कि पत्रिका के प्रकाशन से राजभाषा हिन्दी के विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी तथा जनमानस, विशेष रूप से युवाओं को हिन्दी में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

पत्रिका के सम्पादक मंडल सहित राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(जय प्रकाश नारायण यादव)

जल वर्ष 2007 Water Year 2007
स्वच्छ सुरक्षित जल – सुन्दर खुशहाल कल
CONSERVE WATER - SAVE LIFE

सत्यमेव जयते

गौरी चटर्जी
सचिव
Gauri Chatterji
SECRETARY
Tel. : 23715919
Fax : 23731553



भारत सरकार
जल संसाधन मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF WATER RESOURCES
SHRAM SHAKTI BHAWAN
RAFI MARG, NEW DELHI-110001

# संदेश

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है कि राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास हेतु अपने सतत् प्रयासों के अनुक्रम में संस्थान की वार्षिक पत्रिका "प्रवाहिनी" के 14वें अंक का प्रकाशन कर रहा है।

पत्रिका "प्रवाहिनी" में वैज्ञानिक, तकनीकी, साहित्यिक विषयों पर लेख एवं कविताओं आदि का समावेश संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की राजभाषा हिन्दी के प्रति गहन रुचि को दर्शाता है। मुझे विश्वास है कि विषयों की विविधता के फलस्वरूप यह पत्रिका अत्यधिक रोचक व उपयोगी सिद्ध होगी।

मैं "प्रवाहिनी" की सफलता की कामना करती हूँ तथा सम्पादक मंडल को बधाई देती हूँ।

गौरी चटर्जी
(गौरी चटर्जी)

संयुक्त सचिव
दूरभाष : 23710343

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
जल संसाधन मंत्रालय
MINISTRY OF WATER RESOURCES
श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग
SHRAM SHAKTI BHAWAN, RAFI MARG

पुस्तकालय
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की

नई दिल्ली-110001 दिनांक 3.8.2007
New Delhi-110001

मुझे यह जानकर अतीव प्रसन्नता हुई कि 'राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान' विगत कई वर्षों से 'प्रवाहिनी' नामक हिन्दी पत्रिका का निर्बाध प्रकाशन करता आ रहा है। 'जल जीवन है', ऐसी हमारी मान्यता भी रही है, साथ ही बढ़ती हुई जनसंख्या आर्थिक विकास एवम् आधुनिकीकरण के फलस्वरूप जल संसाधन की मांग व महत्व में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। समय के साथ जल के आर्थिक पक्ष पर भी हमारा ध्यान बढ़ा है। जल के किफायती प्रयोग, जल संग्रहण और जल संरक्षण उत्तरोत्तर हमारे जीवन के महत्वपूर्ण विषय बनते जा रहे हैं।

यह हर्ष का विषय है कि 'प्रवाहिनी' पत्रिका में जल विज्ञान, जल तथा जल संसाधन, इंजीनियरिंग, पर्यावरण, कला और साहित्य विषयक लेख शामिल किए जा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि पत्रिका राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों की लेखन प्रतिभा को उभारने के साथ संस्थान में काम करने वालों तथा आम जनता को साहित्यिक लेखों के रसास्वादन के साथ-साथ जल विषयक बहुविध महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगी।

मैं राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान और विशेष रूप से पत्रिका के सम्पादक मंडल को पत्रिका के प्रकाशन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं और कामना करता हूं कि सारगर्भित और रोचक सामग्री के साथ पत्रिका के प्रकाशन की धारा अविरल बहती रहे।

राममोहनमिश्र

(राम मोहन मिश्रा)

एस० मनोहरन
S. MANOHARAN

अपर सचिव
भारत सरकार
जल संसाधन मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
ADDITIONAL SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF WATER RESOURCES
SHRAM SHAKTI BHAWAN
TEL.NO. 23710619 FAX NO. 23725477

नई दिल्ली दिनांक 7 सितम्बर, 2007
New Delhi

## संदेश

यह बड़े ही प्रसन्नता की बात है कि गत वर्षो की भाँति राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान इस वर्ष भी अपनी वार्षिक हिन्दी पत्रिका प्रवाहिनी के 14वें अंक का प्रकाशन कर रहा है ।

भारत एक बहुभाषी एवं विविधताओं से भरा देश है । वह हिन्दी भाषा ही है जो हमारे देश को एक सूत्र में बाँधने की क्षमता रखती है । हिन्दी में दैनिक क्रियाकलापों तथा कार्यान्वयन की दिशा में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के प्रयास प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं । मैं आशा करता हूँ कि संस्थान का हर संभव प्रयास राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की दिशा में उत्तरोत्तर वृद्धि करना होगा तथा प्रवाहिनी के रूप में ज्ञानगंगा का प्रवाह हमें सदैव लाभान्वित करता रहेगा ।

मै प्रवाहिनी के 14वें अंक से जुडे समस्त व्यक्तियों को उनके बहुमूल्य योगदान हेतु धन्यवाद देता हूँ तथा पत्रिका के निरंतर विकास की कामना करता हूँ ।

एस. मनोहरन
( एस. मनोहरन 7/9/2007

जल वर्ष 2007 Water Year 2007

स्वच्छ सुरक्षित जल – सुन्दर खुशहाल कल

CONSERVE WATER - SAVE LIFE

निदेशक (रा.भा.)
टेलि.: 23711459



भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
जल संसाधन मंत्रालय
MINISTRY OF WATER RESOURCES
श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग
SHRAM SHAKTI BHAWAN, RAFI MARG
नई दिल्ली-110001
NEW DELHI-110001

दिनांक : 31.7.2007

मुझे यह जानकर अत्यंत खुशी हो रही है कि राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की अपनी वार्षिक पत्रिका **'प्रवाहिनी'** के अगले अंक का प्रकाशन कर रहा है। आज के समय में जल दुनिया की सबसे ज्वलंत समस्याओं में से एक है। कहा तो ये भी जा रहा है कि अगला विश्व युद्ध जल के लिए लड़ा जाएगा। ऐसे नाजुक समय में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान की पत्रिका **'प्रवाहिनी'** अपने में समाहित जल संबंधी विविध लेखों और साहित्यिक सामग्री के माध्यम से जन मानस में जल के संबंध में जागरूकता पैदा करने का सराहनीय और वंदनीय कार्य कर रही है। इसके साथ-साथ यह पत्रिका प्रामाणिक रूप से इस सत्य को भी स्थापित करने का सफल प्रयास कर रही है कि तकनीकी और वैज्ञानिक सामग्री को सक्षम और प्रभावी ढंग से राजभाषा हिन्दी के माध्यम से भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

मैं **'प्रवाहिनी'** के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

राजकुमारी

(राजकुमारी देव)

जल संरक्षण - जीवन संरक्षण
Conserve water - Save life